## एक नजर

### विधायक ने किया मुफ्त हेल्थ चेकअप कैंप का शुभारंभ

**पुवायां, अमृत विचार** : नगर के पक्का तालाब पर एक प्राइवेट हॉस्पिटल की ओर से मुफ्त हेल्थ कैम्प का आयोजन हुआ। कैम्प में लगभग 85 मरीजों ने जांच कराई। कैंप का शुभारंभ विधायक चेतराम ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक चेतराम ने अपना ब्लड प्रेशर और पल्स चेक कराई। इस दौरान डॉ. सतीश कुमार, डॉ. रोहित मिश्रा, डॉ. परितोष शर्मा, डॉ. अतुल मिश्रा फिजियोथेरेपिस्ट आदि चिकित्सकों ने मरीजों का चेकअप किया। इस मौके पर चेयरमैन संजय गुप्ता, अभय मिश्रा, प्रभात मिश्रा, पुनीत शर्मा, मुनीश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### हादसे में बाइक सवार घायल

**परौर, अमृत विचार** : थाना जलालाबाद के गांव महसूलपुर निवासी नंदराम शनिवार सुबह कलान से परौर की ओर आ रहे थे, जब वह परौर के पकड़िया चौराहे के निकट पहुंचे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरी, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए। सूचना पर डायल 112 के चालक आरेन्द्र यादव ने उसे गाड़ी में बैठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि आरेंद्र यादव इस तरह के काम पहले भी कर चुके हैं।

### मंदिर में मूर्तियों की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**मदनापुर।** मदनापुर में श्रीमहेश्वर नाथ मंदिर में भगवान भोले नाथ, माता पार्वती, गणेश जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई। इस धार्मिक कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख महेश पाल सिंह ने शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की। इस मौके पर भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। प्राण प्रतिष्ठा के बाद लोगों ने शिव परिवार की पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया।

### तीन तस्कर गिरफ्तार

**सेहरामऊ दक्षिणी :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 01 किलो 320 ग्राम अफीम, नगदी, एक बाइक व दो मोबाइल बरामद किए है।




# शांति से निपटी बीएड प्रवेश परीक्षा, 179 नहीं आए

## आवंटित 1892 परीक्षार्थियों में पहली पाली में 1713 और दूसरी पाली में 1714 ने दी परीक्षा, तैनात रहा पुलिस बल

- चार केंद्रों पर रहे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को चार केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। प्रथम पाली में 179 और द्वितीय पाली में 178 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि परीक्षा के लिए जिले में कुल 1892 परीक्षार्थी आवंटित किए गए थे।

बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए शहर में एसएस कालेज में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें ब्लाक ए, ब्लाक बी थे, इसके अलावा जीएफ कालेज और आर्य महिला डिग्री कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। एसएस कॉलेज के दो परीक्षा केंद्रों पर 500-500 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जीएफ कॉलेज परीक्षा केंद्र पर भी 500 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जबकि आर्य महिला डिग्री कॉलेज में 392 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। प्रथम पाली में प्रथम पेपर की परीक्षा सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक चली। द्वितीय पाली में द्वितीय पेपर की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे के बीच संपन्न हुई। नोडल समन्वयक एसएस कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद ने बताया कि प्रथम पाली में 1892 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1713 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 179 अनुपस्थित हो गए, जबकि द्वितीय पाली में 178 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और 1714 परीक्षा में बैठे। चार केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक चली। सुरक्षा के दृष्टिकोण से केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा। दोनों पालियों में परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के बाद ही परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति दी गई।

प्रत्येक केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट और दो-दो आब्जर्बर भी नियुक्त किए गए थे। इसके अलावा केंद्र प्रतिनिधि के रूप में एसडीएम स्तर के अधिकारी भी मौजूद रहे। इनके अलावा प्रशासनिक अधिकारियों ने भी केंद्रों का भ्रमण का व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षार्थियों में खासा उत्साह देखा गया।



बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए सीटिंग प्लान देखते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार



परीक्षा देकर जीएफ कालेज केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

### केंद्रों पर परीक्षार्थियों की स्थिति (प्रथम पाली)

| परीक्षा केंद्र | पंजीकृत | उपस्थित | अनुपस्थित |
|---|---|---|---|
| जीएफ कॉलेज | 500 | 451 | 49 |
| एसएस कॉलेज ब्लाक-ए | 500 | 455 | 45 |
| एसएस कॉलेज ब्लाक-बी | 500 | 451 | 49 |
| आर्य महिला डिग्री कॉलेज | 392 | 356 | 36 |

### केंद्रों पर परीक्षार्थियों की स्थिति (द्वितीय पाली)

| परीक्षा केंद्र | पंजीकृत | उपस्थित | अनुपस्थित |
|---|---|---|---|
| जीएफ कॉलेज | 500 | 451 | 49 |
| एसएस कॉलेज ब्लाक-ए | 500 | 454 | 46 |
| एसएस कॉलेज ब्लाक-बी | 500 | 450 | 50 |
| आर्य महिला डिग्री कॉलेज | 392 | 359 | 33 |

# निःशुल्क मधुमेह निवारण शिविर का हुआ समापन



समापन सत्र पर मौजूद अतिथिगण और कार्यक्रम आयोजक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शिल्पी गुप्ता ने किया समापन सत्र का आरम्भ

योग विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में सात दिवसीय निःशुल्क मधुमेह रोग निवारण शिविर का रविवार को समापन हो गया। स्थानीय सीतापुर नेत्र चिकित्सालय उद्यान में चल रहे शिविर के समापन सत्र का शुभारम्भ भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि व समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिल्पी गुप्ता ने कहा कि योग मय जीवन के साथ ही रोग मुक्त जीवन की कल्पना की जा सकती है । सफल मधुमेह निवारण शिविर के सफलतम आयोजन के लिए सभी को बधाई। संस्थान के जिला प्रधान डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी ने सभी साधकों से अपेक्षा की कि सभी लोग योग को नियमित दिनचर्या में सम्मिलित करें। स्वयं भी योग के प्रति जागरूक हों और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।पूर्व में अतिथियों का स्वागत शिविर प्रभारी ज्योति गुप्ता, सह प्रभारी बिपिन रस्तोगी, अशोक रस्तोगी ने बैज लगाकर किया।शिविर के अन्तिम दिवस पर रचना चांदना, सौरभ गोयल,राजेश दीक्षित तेजवीर गुप्ता, सरोज कश्यप, जवाहर लाल रस्तोगी व डॉ सारिका अग्रवाल ने मधुमेह से सम्बंधित विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया।जिला मन्त्री कवि डॉ. इन्दु अजनबी ने संचालन किया।

## किशोरी को बरामद करने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** कटरा थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम भेजे गए पत्र में बताया कि 12 अप्रैल को उसकी 16 वर्षीय पुत्री मेला देखने गई थी। वह आज तक नहीं आई है। आरोप है कि दूसरे गांव का दीपक उसकी पुत्री को अगवा करके ले गया है। पुत्री के साथ कोई घटना घटित हो सकती है। आरोप है कि कई दिन बीतने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया और न बेटी को बरामद किया है। उन्होंने पुत्री को बरामदकरने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि युवती की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे है

# मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



एसडीएम को ज्ञापन देते केसरिया हिंदू वाहिनी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचारः** केसरिया हिंदू वाहिनी के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी कलान अभिषेक प्रताप सिंह को सौंपा। जिसमें उन्होंने सात मांगें रखीं। पदाधिकारियों ने कहा कि ग्राम पंचायत भड़िया ककोड़ा में वृहद गौशाला के लिए एक वर्ष पूर्व ग्राम समाज की भूमि को लेखपाल की ओर से चिन्हित किया गया है, इस भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाए। धर्मपुर गणेनपुर में लगभग 7 हेक्टेयर गौचर भूमि व जंगल ढांक भूमि 3 हेक्टेयर को कब्जा मुक्त कराया जाए। न्याय पंचायत दहिलिया के ग्राम चानुआपुर की ग्राम समाज की भूमि को कब्जेदारों से छुड़ाया जाए। ज्ञापन में इसी तरह की तमाम अन्य मांगें भी की गईं। इस दौरान भाजपा नेता रणवीर सिंह, विपिन तिवारी, अवनीश दीक्षित, सोनू कश्यप, पप्पू यादव, ओमपाल आदि रहे।

## शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जाए

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने चौक कोतवाली का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना कार्यालय, मैस, बैरक, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, कंप्यूटर कक्ष आदि का भौतिक रूप से भ्रमण कर सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। उन्होंने थाना कार्यालय में प्रचलित अभिलेखों को चेक किया गया और अद्यावधिक करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। लावारिस वाहनों को नीलामी करने के निर्देश दिए। उन्होंने शस्त्रों को रखरखाव के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीस कमेटी की बैठक समय-समय पर बुलायी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। थानों पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जाए और विवेचना का समय से निस्तारण किया जाए। निरीक्षण के समय थाना प्रभारी अश्वनी कुमार आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# निगोही में हाईटेंशन तार टूटकर गिरा, चार मवेशियों की गई जान

संवाददाता, निगोही

- जर्जर तारों को बदलने की कई बार की जा चुकी है मांग
- निगोही के कजरी नूरपुर में सुबह हुआ हादसा

**अमृत विचारः** कजरी नूरपुर में शनिवार रात हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिर गया। जिसकी चपेट में आने से चार छुट्टा गायों की करंट से मौत हो गई। गांव के लोगों ने जानकारी दी, तब बिजली लाइन को दुरूस्त कराया गया। सुबह गांव पहुंची पुलिस ने मृत गायों को जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर दफन कराया गया। इस घटना के बाद गांव के लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ रोष व्याप्त है।

गांव के लोगों ने बताया कि 11 हजार की बिजली लाइन काफी समय से जर्जर अवस्था में है। बिजली कर्मचारियों और अधिकारियों से कई बार लाइन बदलवाने की मांग की गई लेकिन लाइन को दुरूस्त नहीं कराया जा सका, आखिरकार शनिवार रात 11 हजार वोल्टेज का तार टूट कर गिर गया। जिसकी चपेट में चार छुट्टा आ गई और उनकी करंट लगने से मौत हो गई, जबकि गांव के लोग बाल-बाल बच गए। जानकारी होने पर रात में ही बिजली विभाग को सूचित बिजली बंद कराई गई। सुबह गांव पहुंची पुलिस ने मृत गायों को जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर दफन कराया गया। इस घटना के बाद गांव के लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। जर्जर तारों को बदलने की मांग कई बार की जा चुकी है, लेकिन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। हादसे के समय कुछ ग्रामीण भी तार की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। अगर वे थोड़ा भी देर से हटते, तो उनकी जान भी जा सकती थी। ग्रामीणों ने मांग की है कि विद्युत विभाग तत्काल जर्जर तारों को बदलकर बिजली की आपूर्ति सुरक्षित करे, जिससे भविष्य में ऐसे हादसे न हों। रविवार दोपहर बाद बिजली लाइन दुरूस्त हुई, तब सप्लाई चालू हो पाई।

### हयातपुरा फीडर पर दो घंटे गुल रही बिजली

**शाहजहांपुर।** हथौड़ा उपकेंद्र के हयातपुरा फीडर पर शनिवार रात करीब 11बजे हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिर गया। इससे हयातपुरा फीडर से जुड़े मोहल्लों में बिजली गुल हो गई। भीषण गर्मी में लोग परेशान हो उठे, करीब दो घंटे बाद लाइन दुरूस्त कर बिजली सप्लाई चालू की गई, तब लोगों ने राहत की सांस ली।

# धर्मांतरण कर जनसंख्या असंतुलन का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी के प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस रविवार को प्रांत मंत्री अनुज कुमार सिंह ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद स्थापना से लेकर लगातार संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित कर हिंदू मान बिंदुओं के रक्षार्थ कार्य कर रहा है। प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में किया जा रहा है।

प्रांत मंत्री ने कहा कि आतंकवाद के कारण बंद होती अमरनाथ यात्रा को विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल के नेतृत्व में संपन्न कराया गया, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने 75 लाख से भी अधिक गोवंशों की सुरक्षा की, कांग्रेस सरकार की ओर से राम सेतु को तोड़ने व श्री राम को काल्पनिक कहा गया। विश्व हिंदू परिषद ने संपूर्ण भारत में 3 घंटे के लिए पूरा भारत जाम कर दिया। तब जाकर आज रामसेतु धरोहर सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि लव जिहाद एक बड़ी समस्या है। सभी बहने संपूर्ण हिंदू समाज में जन जागरण कर हिंदू संस्कृति से हिंदू महिलाओं को जागरूक करें। कट्टरपंथियों की ओर से लव जिहाद के द्वारा जनसंख्या असंतुलन का कुत्सित प्रयास हो रहा है। प्रांत मंत्री ने कहा कि बहनें मां दुर्गा का रूप है। रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती व अहिल्याबाई से प्रेरणा लेकर भारत माता को पुनः परम वैभव तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। प्रांत सहसंयोजक शशिबाला, अशनील, जीपी पाठक, नीरा श्रीवास्तव, अंशिका, शिवानी, नीलम, वृंदा, प्रीति शुक्ला, कंचन मिश्रा, आदि रहे।



विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी के प्रशिक्षण वर्ग में हिस्सा लेती महिलाएं। ● अमृत विचार

- विश्व हिंदू परिषद के प्रशिक्षण वर्ग में बोले प्रांत मंत्री अनुज कुमार सिंह
- संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में किया जा रहा है आयोजन

# 15 दिवसीय नाट्य निर्देशन कार्यशाला का हुआ समापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मंचन, प्रकाश प्रबंधन, संगीत इत्यादि पर गहन कार्य कराया

**अमृत विचारः** 'नाट्य निर्देशन' विषय पर 15 दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका शनिवार को समापन हो गया।

शिवा सक्सेना ने बताया कि नाट्य निर्देशन एक ऐसा क्षेत्र है जो नाटकों और अन्य कार्यक्रमों की योजना, डिज़ाइन, तैयारी और उत्पादन का प्रबंधन करने से सम्बन्धित है। यह एक सामूहिक कार्य है जो सभी को जोड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। नाट्य निर्देशन की कार्यशाला के अन्तर्गत स्क्रिप्ट का विश्लेषण, अभिनेता की तैयारी, मंचन और प्रकाश का प्रबंधन, रिहर्सल, प्रदर्शन, संगीत इत्यादि पर गहन अध्ययन व कार्य कराया गया। समापन अवसर पर समृद्धि सक्सेना द्वारा पिता के परिश्रम पर आधारित कविता का प्रस्तुतीकरण, प्रत्यूष अजय बाजपेयी द्वारा गीत, प्रियंका रंजन द्वारा कालिदास के नाटक के किरदार मल्लिका की स्पीच, सोनू सक्सेना द्वारा कॉमेडी, देवेंद्र पाल द्वारा स्पीच का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यशाला में देवेन्द्र पाल, सोनू सक्सेना, कार्तिकेय, यशदेव शर्मा, अतिथि दीक्षित, प्रत्युष अजय वाजपेयी, शंकर लाल, मोहित, पवन राजपूत, प्रियंका रंजन, सूरज कुमार इत्यादि प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## रोड किनारे दुकानों का निर्माण संदेह के दायरे में

**खुटार, अमृत विचारः** गोला बाईपास रोड किनारे दुकानों के निर्माण कार्य को लेकर लोग संदेह जाहिर कर रहे हैं, कुछ लोगों ने अफसरों से शिकायत की है। जमीन पर कब्जा करने वालों और संलिप्त तत्कालीन ईओ सहित 22 के खिलाफ 2018 में तत्कालीन डीएम के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। तब बताया गया था कि यह नगर पंचायत में दस्तावेजों में दर्ज है। तहसीलदार ने यहां हो रहे कार्य को बंद करा दिया था। उसके बाद फिर से निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। निर्माण कराने वाले अपनी जमीन का दावा कर रहे है। एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने बताया कि उन्हें निर्माण कार्य किए जाने की जानकारी नही है।

# 18 साल से नहीं मिली सीएचसी के लिए जमीन, जनता परेशान

संवाददाता, कलान

**अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनवाने की मांग पर नेताओं का ध्यान नहीं है इसलिए जनता की जरूरत पूरी नहीं हो पा रही है। नेताओं की बेरुखी का आलम यह है कि स्वास्थ्य विभाग 18 साल से सीएचसी के लिए जमीन तलाश रहा है लेकिन उसे जमीन नहीं मिली है। इससे जब भी सीएचसी बनाने की मांग उठती है तो अफसर भी जमीन तलाशने की बात कहकर मांग को दबा देते हैं। सीएचसी नहीं होने का खामियाजा क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ता है। उन्हें इलाज कराने के लिए जिला अस्पताल, के अलावा शाहजहांपुर और बरेली के अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ती है।

कलान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने का फैसला प्रदेश सरकार ने 2007 हाथ में लिया था। शासन से जिला अधिकारी के पास फरमान आया तो उन्होंने तत्कालीन उप जिला अधिकारी विनोद कुमार को अस्पताल निर्माण के लिए जमीन का चयन कर प्रस्ताव भेजने का आदेश दिया, कुछ दिनों तक तहसील प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के लोगों ने हाथ पर मारे लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद मामला फिर ठंडे बस्ते में चला गया, तब से लेकर आज तक इसके लिए कोई निर्णायक कदम नहीं उठाए जाने से कलान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना नहीं हो सकी है। अब तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी इसे भूले बैठे हैं, जिस कारण मामला ठंडे बस्ते में चला गया है क्षेत्रवासियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने के लिए अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक मामला उठाया गया है लेकिन उनकी इस मांग को पूरा करने की जरूरत नहीं समझ रहे हैं।




- इलाज को बदायूं,बरेली शाहजहांपुर जाने मजबूर क्षेत्रवासी
- स्वास्थ्य महकमे के अफसरों व नेताओं की अनदेखी

सीएचसी निर्माण के लिए कई पत्र विभागीय अधिकारियों व स्वास्थ्य मंत्री को लिख चुका हूं लेकिन कुछ लोग अड़चन पैदा कर रहे हैं। - **डॉ. दिनेश यादव**, पीएचसी प्रभारी, कलान

### लोगों की बात



कलान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बहुत जरूरत है इस मांग को पूरा करने की मांग सांसद और विधायक को सदन में उठाना चाहिए, अगर इस पर ध्यान दिया जाए तो काम बन जाए। - **विवेक गुप्ता**



सीएचसी न होने के कारण क्षेत्र के लोगों को इलाज कराने के लिए शाहजहांपुर या अन्य जनपदों में जाना पड़ता है, जिससे सही से समय पर उपचार भी नहीं मिल पाता है। - **कौशल गुप्ता**



इस समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों को भी ध्यान देना चाहिए जिससे स्वास्थ्य जैसी समस्या दूर हो सके। - **विपिन पांडेय**



दुर्भाग्य की बात है कि अधिकारियों ने जमीन तलाशने में ही 18 साल गुजार दिए हैं। अस्पताल कब तक बना पाएंगे, शायद किसी को पता भी नहीं होगा। - **अरुण प्रताप**


मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• पागलपन
• बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
• शीघ्र पतन, तनाव न आना
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
• नशे की आदत
• याददाश्त कम होना, डिमेशिया
• बच्चों में चंचलता
• बिस्तर गीला करना
• नींद न आना, ज्यादा आना
• बार-बार हाथ धोना OCD
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# सांसद ने पंचायत भवन का फीता काटकर किया शुभारंभ



पंचायत भवन का शुभारंभ करते सांसद अरुण सागर। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर।** कटरा विधानसभा के विकासखंड खुदागंज के सैदुपुर गांव में पंचायत भवन बनकर तैयार हुआ है। मुख्य अतिथि भाजपा सांसद अरुण सागर ने पंचायत भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया।

उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सांसद ने कहा कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की सड़के हों या फिर योजनाओं से लेकर भवन निर्माण, हर क्षेत्र में तेजी के साथ कार्य किया जा रहा है। इस दौरान ग्राम प्रधान राकेश गंगवार, खुदागंज चेयरमैन पति सुधीर सिंह, राकेश गंगवार, अवनी गंगवारआदि रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ़ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai





मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ोदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# रोजा रेलवे स्टेशनः प्लेटफार्म एक व दो पर पेयजल की व्यवस्था नहीं

## कई ट्रेनों के बदलते हैं चालक व गार्ड, पानी की व्यवस्था न होने से भटकते हैं यात्री

संवाददाता,रोजा/शाहजहांपुर,

**अमृत विचारः** रोजा रेलवे स्टेशन माल के लोडिंग और अनलोडिंग की आय के मामले में प्रथम है। लेकिन यात्रियों के लिए स्टेशन पर सुविधाओं का अभाव है। यहां सीतापुर जाने वाली एक दर्जन ट्रेनें प्लेटफार्म एक और दो से जाती है। क्योंकि यहां पर लोको पायलट और गार्ड की ड्यूटी बदलती है। यहां ट्रेनें रुकती हैं, इसके बाद भी प्लेटफार्म एक और दो पर यात्रियों की प्यास बुझाने के लिए पानी का कोई बूथ नहीं है। यात्री ट्रेन से उतरकर पानी के लिए प्लेटफार्म पर इधर-उधर भटकते हैं, लेकिन उन्हें पानी नहीं मिल पाता है।

रोजा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म एक और दो नया बनाया गया है। इनमें सीतापुर की ओर जाने वाली ट्रेनों को लिया जाता है। डाउन व अप लाइन की जननायक एक्सप्रेस, जनसेवा एक्सप्रेस, बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस, गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस, गोरखपुर, कामाख्या वैष्णो देवी एक्सप्रेस, जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस, सहरसा-आनंद विहार एक्सप्रेस, सहरसा अमृतसर एक्सप्रेस, मोरध्वज एक्सप्रेस, सीतापुर पैसेंजर, सद्भावना एक्सप्रेस आदि ट्रेनें रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक और दो पर रुकती हैं, । ट्रेनों को यहां पर लोको पायलट और गार्ड का स्टाफ बदलने के लिए रोका जाता है। हालांकि यहां टिकट नहीं मिलते हैं। ऐसे में सीतापुर जाने वाले लोग बिना टिकट ट्रेन में चढ़ जाते हैं। प्लेटफार्म एक और दो पर यात्रियों की पेयजल की व्यवस्था नहीं है। ट्रेन रुकने पर यात्री पानी की बोतल लेकर पानी के लिए इधर-उधर भटकते हैं। कुछ यात्री रेल लाइन पार करके पानी के लिए प्लेटफार्म तीन पर जाते हैं।

प्लेटफार्म तीन और चार शाहजहांपुर की तरफ बढ़ाया गया। लेकिन पानी का बूथ नहीं है। एक सप्ताह पूर्व डीआरएम ने निरीक्षण के समय निर्देश दिए थे कि प्लेटफार्म एक और दो पर पानी बूथ की शीघ्र व्यवस्था की जाए। यूनियन भी मांग कर चुकी है कि प्लेटफार्म पेयजल की व्यवस्था की जाए।



रोजा स्टेशन पर खड़ी ट्रेन।

• सीतापुर जाने वाली ट्रेनों को लिया जाता है प्लेटफार्म एक व दो पर

### दो ट्रेनों में चढ़ते हैं अनाधिकृत वेंडर

डाउन व अप लाइन की सीतापुर जाने वाली जननायक एक्सप्रेस और जनसेवा एक्सप्रेस में अनाधिकृत वेंडर चलते हैं। यह वेडर रोजा से सीतापुर जाते हैं और सीतापुर से रोजा वापस आते हैं। कई बार आरपीएफ ने अनाधिकृत वेंडरों को पकड़कर चालान किया है। इसके बाद कुछ दिन तक अनाधिकृत वेंडर नहीं चले, लेकिन अब फिर से अनाधिकृत वेंडरों ने इन दोनों ट्रेनों में चलना शुरू कर दिया है।

> रोजा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक और दो पर पानी का बूथ लगाने के लिए कंपनी से पत्राचार किया गया है। कंपनी ने ही प्लेटफार्म एक और दो का निर्माण कराया था। यात्रियों के पेयजल की शीघ्र व्यवस्था की जाएगी। –**दीपक कुमार**, निर्माण निरीक्षक रोजा

# निखिल की मौत में आरोपियों की तलाश

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** निखिल राठौर की मौत के मामले में पुलिस नामजद आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने कई स्थानों पर दबिश दी, आरोपी नहीं मिले।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी राजेश कुमार राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके बेटे का एक युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। युवती उसके बेटे के साथ कोचिंग पढ़ने के लिए जाती थी। उन्होंने दोनों लोगों को कई बार समझाया। उसने कहा कि निखिल से प्रेम करती हूं और उसी के साथ शादी करुंगी, नहीं तो जान दे दूंगी। उन्होंने युवती के पिता से बात की तो वह नाराज हो गए।

आरोपी ने कहा कि बेटे को समझा दो वरना रास्ते से हटा दूंगा। 30 मई की शाम उसके बेटे से युवती, उसके पिता, और भाई ने फोन पर काफी देर बात की। आरोप है कि आरोपियों ने निखिल को इतना प्रताड़ित किया व आत्महत्या करने के लिए उकसाया, जिस कारण उसके बेटे निखिल ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में दबिश दी, लेकिन आरोपी नहीं मिले।

# कांग्रेस ने अहिल्याबाई होल्कर की मनाई जयंती



अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते कांग्रेसी।

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी ने सिंधौली के गांव पाता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर मालवा क्षेत्र की विनम्र एवं उदार शासिका के साथ ही साथ एक महान शिवभक्त व समाज सुधारक थीं।

उनके हृदय में गरीबों जरूरतमंदों और असहाय व्यक्तियों के लिए दया और परोपकार की भावना कूट कूट कर भरी हुई थी। उन्होंने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर देशभर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थानों में मंदिर,घाट बनवाए कुओं बावड़ियों का निर्माण करवाया।

# समर कैंप के प्रतिभागी छात्रों को किया पुरस्कृत

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** टीसीएल महिला कल्याण समिति शाखा ओसीएफ द्वारा संचालित अंकुर विद्या मन्दिर एवं पल्लव निकेतन जूनियर हाई स्कूल में हुए समर कैंप का समापन पुरस्कार वितरण के साथ किया गया।

कैंप में 3 से 12 वर्ष तक के बच्चों को ताइक्वांडो, पेंटिंग, नॉन फायर कुकिंग, संगीत, नृत्य, स्विमिंग आदि विभिन्न गतिविधियां सिखाई गयी। कैंप में 50 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को टीसीएल महिला कल्याण समिति शाखा ओसीएफ की अध्यक्ष रितु वर्मा ने प्रमाण पत्र देकर तथा सहयोग करने वाले अध्यापक-अध्यापिकाओं, सहकर्मियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार दिया। इस अवसर पर स्कूल की सचिव महिमा सिंह, प्रिंसिपल ऋतु श्रीवास्तव के साथ स्टाफ व अभिभावक उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### तिरंगा यात्रा में शामिल हुए पूर्व सैनिक संगठन



**शाहजहांपुर।** समाज सेवी सरदार राजू बग्गा के नेतृत्व में भारतीय सेनाओं की शौर्य गाथा के को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा गोविंद गंज से चलकर घंटाघर पर बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर समाप्त हुई। इस तिरंगा यात्रा में जनपद के पूर्व सैनिक संगठनों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। लगभग 100 पूर्व सैनिक सुबह 9 बजे अपने–अपने मेडल, बैज व कैप लगाकर उत्साहपूर्वक शामिल हुए। यात्रा शुरू करने से पहले बीजेपी महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता व राजू बग्गा ने वीर नारियों, पुष्पा सिंह, रंजीत कौर का स्मरण किया। साथ ही युद्ध में अपना एक पैर खोने वाले वयोवृद्ध सूबेदार मेजर श्रीकृष्ण राठौर का सम्मान किया। इसी प्रकार अन्य 5 सीनियर व उम्रदराज पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। पूर्व सैनिक संगठन के संरक्षक ग्रुप कैप्टन प्रमोद गुप्ता ने बताया कि यात्रा ने अपना उद्देश्य पूरा किया है। पूर्व सैनिक संगठनों की भागीदारी बेहतर रही।

### राहगीरों को पिलाया शरबत, कराया जलपान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सहयोग संस्था के पदाधिकारियों ने गर्म मौसम को देखते हुए महानगर के खिरनी बाग में कैंप लगाकर सभी राहगीरों को ठंडा–ठंडा शरबत पिलाया व हलवे का प्रसाद वितरित किया। संस्था की नवनिर्वाचित अध्यक्ष रजनी गुप्ता व महासचिव विकास सक्सेना ने बताया कि नई कार्यकारिणी गठित होने के बाद यह पहला कार्यक्रम शुरू हुआ है। हम सभी मिलकर पूरे वर्ष में कम से कम 100 कार्यक्रम आयोजित करेंगे। जिसमें जन सहयोग के भिन्न–भिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान व महेंद्र दुबे, नुजहत अंजुम, शिवम वर्मा, स्तुति गुप्ता, सरदार हरजीत सिंह, सैय्यद अनवर, नाजिम भाई, सफीकुद्दीन अंसारी एडवोकेट, प्रियांशु दीक्षित, राम जी गुप्ता, दिव्यांशु गुप्ता, रुपेश शर्मा, अमरदीप सिंह, आन्या गुप्ता, रासु आदि उपस्थित रहे।

### मनोहर लाल के परिजनों से मिले केंद्रीय राज्यमंत्री



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** केन्द्रीय वाणिज्य, उद्योग इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने आवास पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और निदान के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने आवास विकास निवासी मनोहर लाल के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। किसानों से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने की संकल्प पूर्ति में सहायक विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। सभी जनपदों में इस अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। किसान अपने–अपने क्षेत्रों में इस अभियान से जुड़कर लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह मात्र एक अभियान नहीं बल्कि ऐसा जन आंदोलन है जो हमारे अन्नदाताओं को नवाचार, नई कृषि योजनाओं और तकनीकी ज्ञान प्रदान करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण सिद्ध होगा।

# भारत को बॉस्केट ऑफ द वर्ल्ड बनाने का प्रयासः डीपीएस राठौर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** कृषि संकल्प अभियान राष्ट्रव्यापी अभियान है। इसमें आधुनिकीकरण के लिए वैज्ञानिक विधि से किसानों का सशक्तीकरण किया गया है। अभियान में किसान को केन्द्रित करके कृषि के माध्यम से भारत को बास्केट आफ द वर्ल्ड बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है। यह बात जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने कही। वह अकर्रा रसूलपुर में अभियान के तहत हुए कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

राठौर ने कहा भारत के वैज्ञानिकों के शोध से किसानों की ऐसी खेती होगी जो दुनिया देखेगी और आश्चर्य करेगी, यहां का चावल, आटा, दाल और मसाले की धाक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर होगी। उन्होंने कहा कि देश में पिछले 11 वर्षों के अंदर खेती किसानी के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन हुए हैं। स्वायल हेल्थ कार्ड, पीएम कृषि बीमा, किसान सम्मान निधि, किसानों को मिल रहा है। किसानों को सभी सहूलियतें भी देंगे और उनको तकनीक से भी जोड़ कर अन्नदाता किसान के जीवन में परिवर्तन आ रहा है।



अकर्रा रसूलपुर में किसानों को संबोधित करते जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ।

• अकर्रा रसूलपुर में हुआ विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने लगाया हड्डी रोग शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से नगर पालिका टाउन हॉल तिलहर में निशुल्क हड्डी रोग शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया गया।

कैंप में मरीजों की निःशुल्क ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच की गई और सभी मरीजों को परामर्श व दवाइयां निःशुल्क देकर जांचों एवं सिटी स्कैन तथा एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। मेडिकल कॉलेज के मेडिकल पीआरओ रईसुद्दीन ने बताया कि इस प्रकार के निःशुल्क शिविर प्रत्येक रविवार को लगते रहेंगे, जिससे क्षेत्र के सभी वर्ग के लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिलती रहेगी। शिविर में हड्डी रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी बताया गया जैसे गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, सायटिका, पैरों की कमजोरी, पैरों का सुन्नपन, झनझनाहट, गर्दन का दर्द, रीढ़ का दर्द, जन्म से टेड़े-मेड़े हाथों पैरों का इलाज, हड्डी का संक्रमण, हड्डी की टीबी, गली हड्डी से मवाद आने का सफल इलाज, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण, सभी प्रकार की टूटी हुई हड्डी का प्लास्टर एवं ऑपरेशन द्वारा सफल इलाज ऑपरेशन तथा आईसीयूकी सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। परिवार स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी गई, जो अस्पताल के द्वारा 200 रुपये में बनाया जाता है और एक वर्ष के लिए मान्य है। परिवार स्वास्थ्य कार्ड के द्वारा ओपीडी का पर्चा निशुल्क बनेगा एवं दवाइयों और सभी जांचों पर 20 प्रतिशत छूट मिलेगी व भर्ती होने पर भर्ती फाइल मुफ्त बनेगी। शिविर में हड्डी रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर मोहित की चिकित्सीय टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।



शिविर में बीमारी के बारे में डॉक्टर को जानकारी देते मरीज । अमृत विचार

• तिलहर में लगे शिविर में मरीजों का किया नि:शुल्क परीक्षण दवाइयां भी नि:शुल्क दी गई

• कैंप में मरीजों की नि:शुल्क ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच भी की गई

# कटरा में लगे चिकित्सा शिविर में 38 मरीजों ने कराया पंजीकरण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से संचालित ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र, निकट फल मंडी , नखासे के सामने मीरानपुर कटरा में रविवार को निशुल्क नेत्र रोग, सामान्य रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 38 मरीजों ने पंजीकरण कराया एवं जांच के उपरांत लगभग 4 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। मोतियाबिंद के चयनित मरीजों को मेडिकल कॉलेज की बस के द्वारा वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल ले जाया गया, जहां पर मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद के मरीजों को लेंस, ऑपरेशन, दवाइयां एवं खाने की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। शिविर में सभी मरीजों को निशुल्क आई ड्रॉप एवं दवाइयां वितरित की गई। इस मौके पर चिकित्सकों एवं एमएसडब्ल्यू के द्वारा लोगों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जागरूक किया गया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी और अस्पताल के नेत्र रोग विभाग व सामान्य रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी दी, जैसे कि काला मोतियाबिंद की जांच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आंख के पर्दे की जांच व इलाज, मोतियाबिंद का ऑपरेशन चीरे विधि तथा फेको विधि द्वारा, भेंगापन नासूर नाखूना आदि का इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा, कंप्यूटर द्वारा चश्मा के नंबर व प्रमाणीकरण व जांच की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है, आंखों में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आंखों की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज आदि सुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त मरीजों के लिए मुफ्त भर्ती, मुफ्त पलंग, डायलिसिस, सीटी स्कैन, एमआरआई आदि की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। कैंप में मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग के चिकित्सक डॉ. स्वप्निल तिवारी व सामान्य रोग विभाग के चिकित्सक डॉ. अर्सलान, स्त्री एवं प्रसूति रोग की चिकित्सक डॉ. तपस्या, दंत रोग की चिकित्सक डॉ. प्रिया मिश्रा आदि रहीं।

## शहर में आज

- मालवीय अध्यापक आवास गृह पर भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत दोपहर 12 बजे।
- बड़े मंगलवार के अवसर पर पुरानी चुंगी स्थित दुर्गा मंदिर पर विशेष आरती सुबह 7 बजे।

## एक नजर

### पूर्व प्रधान के निधन पर जताया शोक

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव मिश्री पुर मकुईया के पूर्व प्रधान प्रेमपाल सिंह यादव का रविवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार कछला घाट पर किया गया। उनके निधन पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ममता शाक्य, पूर्व ब्लाक प्रमुख सर्वेश यादव, पूर्व चेयरमैन अनुज वार्ष्णेय, दीपक चौहान, सपा नेता कवींद्र सक्सैना, अवधेश यादव, उदयवीर सिंह शाक्य, रंजीत वार्ष्णेय उ शेखर सक्सेना, इकरार अहमद, फैजान राईन, बृजेश वार्ष्णेय आदि ने गहरा दुख जताया है।

### छुट्टा पशु बन रहे सड़क हादसों का कारण

**बदायूं, अमृत विचार :** छुट्टा पशु शहर से लेकर देहात तक सड़क हादसों का कारण बन रहे है। आए दिन इन पशुओं के कारण जिले भर में कही न कही हादसे होते रहते है। सबसे अधिक खतरा रात में रहता है। कई बार यह पशु सड़क के बीच व डिवाइडर के किनारे खड़े रहते है। अक्सर बाइक सवारों की रफ्तार अधिक होने के कारण यह पशु जब तक दिखते है तब तक हादसा हो चुका होता है। लोगों ने ऐसे पशुओं को गोशाला भिजवाने की मांग की है। ताकि इन पशुओं की वजह से हादसे न हो सके।

# रुकेगा फर्जीवाड़ा, सेंसर बताएंगे डीएल के लिए आवेदक की पात्रता

## बिल्सी मार्ग पर दो एकड़ जमीन पर बनाया जा रहा ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट

ऋषिदेव गंगवार, बदायूं

- इंस्टीट्यूट का निर्माण पूरा होने पर आई कैट की लेनी होगी अनुमति

**अमृत विचार :** ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में अब जुगाड़ नहीं चलेगी। जनप्रतिनिधि, अधिकारी और न ही किसी दलाल की सोर्स काम आएगी। टेस्ट में पास होने पर ही ड्राइविंग लाइसेंस बनेगा। फर्जीवाड़ा पर पूरी तरह से लगाम लगाई जाएगी। टेस्ट के दौरान सेंसर के माध्यम से आवेदक की पात्रता की जांच की जाएगी। सेंसर से पास होने और एआरटीओ के वेरीफाई करने के बाद डीएल जारी कर दिया जाएगा। इसके लिए एआरटीओ कार्यालय से बिल्सी जाने वाले मार्ग किनारे ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (डीटीआई) का निर्माण कराया जा रहा है, जो पूरा होने के बाद आई कैट संस्था से एप्रूवल के बाद डीटीआई शुरू कर दिया जाएगा।

लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के लिए शासन ने पहले से ही ऑनलाइन व्यवस्था की है। आवेदन के बाद निर्धारित तिथि पर किसी भी कंप्यूटर कैफे या घर से टेस्ट दे सकते हैं, लेकिन इसके बाद परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में खेल होता था। आवेदक दलालों के माध्यम या सीधे कार्यालय की खिड़की पर पहुंचते थे। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के सोर्स या दलालों की सेटिंग से बिना टेस्ट के ड्राइविंग लाइसेंस के लिए पास कर दिया जाता था, लेकिन आने वाले समय में यह व्यवस्था पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। कोई भी व्यक्ति आवेदक की पात्रता न होने पर उसे पास नहीं करा पाएगा। शासन के निर्देश पर बिल्सी मार्ग पर दो एकड़ जमीन पर डीटीआई के भवन और ट्रैक का निर्माण कार्य हो रहा है। यहां चार ड्राइविंग ट्रैक बनेंगे। यहां सेंसर लगे होंगे। इसके अलावा कार और बड़े वाहनों के टेस्ट होंगे। एक वेटिंग और दो ट्रेनिंग क्लास रूम बनेंगे। फीस देने के बाद वाहन चलाने की पढ़ाई भी कराई जाएगी। काम पूरा होने के बाद दिल्ली की आई कैट संस्था के अधिकारी निरीक्षण करेंगे। जिनकी अनुमति के बाद नई व्यवस्था के तहत ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया शुरू होगी।



डीटीआई पर टेस्ट के लिए बनाया जा रहा है सेंसर युक्त ट्रैक। ● अमृत विचार

### चेहरा अलग होने पर निरस्त हो जाएगा आवेदन

आवेदक को ही ड्राइविंग टेस्ट देना होगा। डीटीआई पर आवेदक के अलावा कोई और टेस्ट नहीं दे पाएगा। एप्रूवल देने के दौरान एआरटीओ भी इस बात की तस्दीक करेंगे कि टेस्ट देने वाले व्यक्ति और आवेदक एक ही है। अगर टेस्ट किसी और ने दिया होगा तो आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

### यह रहेगी ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया

आवेदक को ऑनलाइन आवेदन करके निर्धारित फीस जमा करनी होगी। इसके बाद डीटीआई पर टेस्ट होगा। आवेदकों को वाहन चलाना होगा। वाहनों को आगे-पीछे करके और पार्किंग करना आदि देखा जाएगा। पूरी प्रक्रिया पर सेंसर से नजर रहेगी। आवेदक के पास होने पर विभागीय पोर्टल पर डाटा अपलोड हो जाएगा। इसके बाद एआरटीओ प्रशासन ने एप्रूवल करके ओके करेंगे। जिसके बाद परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस बनेगा।

> जल्द ही ड्राइविंग लाइसेंस के लिए डीटीआई पर टेस्ट की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। सेटअप तैयार हो चुका है। आई कैट संस्था के निरीक्षण के बाद अनुमति के लिए आवेदन किया गया है। अनुमति मिलने के बाद टेस्ट शुरू किए जाएंगे।
> **– रामवचन गुप्ता,** एआरटीओ प्रशासन



आवेदकों के प्रशिक्षण के लिए बनाया गया भवन। ● अमृत विचार

## गुधनी गांव में साप्ताहिक सत्संग का किया आयोजन

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी स्थित प्रज्ञा यज्ञ मंदिर में आर्य समाज का रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। आर्य समाज के तत्वावधान में होने वाले यज्ञ महोत्सव को लेकर सभी को जनपद स्तरीय महोत्सव में भाग लेने का आह्वान किया गया।

महोत्सव के निर्देशक एवं आर्य समाज के वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप ने कहा कि शिक्षा, संस्कार, सेवा व पर्यावरण की रक्षा के लिए आर्य समाज समर्पित है। तीन क्विंटल सामग्री और दो क्विंटल घृत से 51 कुंडीय यज्ञ पांच से नौ जून तक किया जाएगा। यहां बच्चों को संस्कारी व स्वावलंबी बनाने के लिए आर्य वीर दल का शिविर लगाया गया है। 500 वृक्ष ग्राम के घर घर में लगाए जाएंगे। अंतिम दिन दस हजार श्रद्धालुओं को भंडारे का आयोजन होगा। विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। पं प्रश्रय आर्य जय ने कहा कि आर्य समाज सदा से समाज में राष्ट्र भक्ति की ज्योति जगाता आया है। इस मौके पर अनिल उपाध्याय, दुर्वेश कुमार, संतोष कुमारी व आर्य संस्कारशाला के बच्चे मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायतों को कराना होगा जीएसटी में पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जीएसटी विभाग ने पंचायती राज विभाग को भेजा पत्र
- पंजीकरण नहीं कराया तो 50 हजार का लगेगा अर्थदंड

**अमृत विचार :** जिले में 1036 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें हर साल राज्य वित्त आयोग और केंद्रीय वित्त आयोग से मिली धनराशि से हर साल लाखों रुपये के कार्य होते हैं। प्रधानों और सचिव मनमानी फर्म से काम लेते हैं। ताकि कर चोरी की जा सके। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। ग्राम पंचायतों को भी जीएसटी में पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए जीएसटी विभाग की ओर से पंचायती राज विभाग को पत्र जारी किया गया है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर पंजीकरण नहीं कराया तो 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा।

राज्य कर संयुक्त आयुक्त केके गुप्ता ने पंचायती राज विभाग को भेजे पत्र में कहा है कि राज्य कर के केंद्रीय व प्रांतीय अधिनियम की धारा 24 के तहत टीडीएस कटौती को जीएसटी पंजीयन अनिवार्य है। जीएसटी पंजीकरण नहीं कराने पर उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 धारा 122 के तहत अलग अलग 25-25 हजार अर्थदंड आरोपित किया जा सकता है। टीडीएस कटौती के लिए प्रधानों को रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-7 प्रत्येक माह की 10 तारीख को दाखिल करना अनिवार्य है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम 2017 के तहत 2.5 लाख से अधिक मूल्य के किसी भी अनुबंध के तहत कर योग्य माल अथवा सेवाओं के आपूर्ति के विरुद्ध भुगतान करते समय ऐसे माल सेवाओं की आपूर्ति के मूल्य पर एक प्रतिशत सीजीएस एवं एक प्रतिशत एसजीएसटी की कटौती अनिवार्य हैं। टीडीएस की कटौती न करने और कम कटौती करने और टीडीएस कटौती की राशि सरकार को भुगतान नहीं करने पर उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम 217 की धारा 122 के तहत अर्थदंड आरोपित किया जाएगा। जीएसटी विभाग से मिले पत्र के बाद डीपीआरओ ने प्रधानों को पंजीकरण कराने के आदेश दिए हैं।

# मृत पिल्ला हटाने को लेकर विवाद, मारपीट और फायरिंग

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सैंजनी निवासी मुन्ने सिंह पुत्र टीकाराम ने तहरीर देकर बताया कि 22 मई की सुबह लगभग 8 बजे उनके पड़ोस में रहने वाले पृथ्वीपाल का पालतू पिल्ला उनके घर के दरवाजे पर मरा पड़ा था। मुन्ने सिंह की भतीजी रेखा ने मरा हुआ पिल्ला देखा तो पृथ्वीपाल से शव को दरवाजे से हटाकर गांव के बाहर फेंकने को कहा। इसी बात पर पृथ्वीपाल उग्र हो गया और गाली-गलौज करने लगे। शोर सुनकर मुन्ने सिंह पहुंचे और विरोध किया। आरोपी ने उनकी लात घूसे और लकड़ी की फंटी से पिटाई लगाई। मौके पर पहुंची उनकी पत्नी शारदा देवी को भी मारपीट करके घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित उनके डर की वजह से घर पर ही रहा। जिसके बाद आरोपी उनके घर पर रात 8 बजे फिर पहुंचा। घर में घुसकर मारपीट और सामान तोड़ा। तमंचों से फायरिंग भी की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं : बीएल वर्मा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- हरिबोल सेवा समिति ने 60 लोगों को दिया श्री श्रवण कुमार सम्मान

**अमृत विचार :** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में हरिबोल सेवा समिति की ओर से श्री श्रवण कुमार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिले में अपने माता-पिता के लिए त्याग, तपस्या, विशेष सेवा करने वाले 60 लोगों को श्री श्रवण कुमार सम्मान दिया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि हरीबोल सेवा समिति सामाजिक क्षेत्र में अनूठे व अकल्पनीय कार्य कर रही है। श्रवण कुमार का उदाहरण देते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। माता-पिता ही संतान के लिए चारों धाम हैं।

पूर्व राज्यमंत्री व सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि जिन लोगों ने अपने माता पिता और गुरुओं का सम्मान किया वह लोग हमेशा समाज में अलग पहचान बनाते हैं। समिति का उद्देश्य सिर्फ सम्मान देना ही नहीं बल्कि समाज को संदेश देना है कि बुढ़ापे में माता-पिता को बच्चों के प्यार और देखभाल की सबसे ज्यादा जरुरत होती है। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने लोकमाता अहिल्याबाई के लिए 10 दिन लगातार कार्यक्रम किए। इसकी गूंज जन-जन तक पहुंच चुकी है। सम्मान समारोह के दौरान प्रदेश मंत्री डीपी भारती, समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुप्ता, अशोक भारतीय, उमेश राठौर, राजेश्वर पटेल, शारदेंदु पाठक, धीरज सक्सेना, आचार्य संजीव रूप, वीरेंद्र धींगड़ा, दीपमाला गोयल, नेकपाल कश्यप, अरशद अल्वी, अधिवक्ता पवन गुप्ता, अधिवक्ता अरविंद परमार, अमिता उपाध्याय, सीमा राठौर आदि उपस्थित रहे।



अतिथियों के साथ मौजूद सम्मानित होने वाले लोग। ● अमृत विचार

### इन लोगों को किया गया सम्मानित

समिति की ओर से अरुण प्रधान, डॉ. अक्षत अशेष, अमित पाठक, सुमित रस्तोगी, अवधेश पटेल, अशोक भारती, सत्यदेव यादव, भारत नारंग, सुरेंद्र अमरनाथ, राजेश नानक, राजेश बजाज, कृष्ण मौर्य, लव रस्तोगी, योगेश द्विवेदी, अशोक खुराना, मनोज सिंघल, शुभम सक्सेना, राहुल, अमृतलाल, मुनीश अग्रवाल, अनिल शर्मा, केवी सिंह, रामपाल, नरेंद्र पाल, हरवंश पाल, हिमांशु को सम्मानित किया गया। इनके अलावा आशीष रोहेल, सलिल गुप्ता, सजल वैश्य, तरुण सक्सेना, सर्वेश कुमार, हिमांशू शर्मा, आलोक पाठक, देवेश सक्सेना, दीक्षा, सनोज सिंह राठौर, संजीव गुप्ता, श्रीकृष्ण, नेतराम, अनुज सक्सेना, आर्येंद्र सक्सेना, राधेश्याम, रूपकिशोर कठेरिया, लज्जाराम कठेरिया, साहब सिंह, सलल वैश्य, चांद खां, लाला प्रधान, सिराज, प्रतिभा गुप्ता, संजीव गुप्ता को सम्मान मिला।

## पीस कमेटी की बैठक में शांति से त्योहार मनाने की अपील

**मुजरिया, अमृत विचार :** बकरीद को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। इसमें क्षेत्र के गणमान्य और ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। थाना प्रभारी ने लोगों से शांति और सद्भाव से त्योहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि थाना क्षेत्र की सभी ग्रामों में मुस्लिम और हिन्दू समुदाय के लोग आपस में भाईचारा प्रेम भाव के साथ निवास करते चले आ रहे हैं। आगामी तिथियों में आने वाले त्योहार को शांति और सद्भाव के साथ मनाए। थाना प्रभारी ने बकरीद पर दी जाने वाली कुर्बानी से संबंधित निर्देशों से लोगों को अवगत कराया। साथ ही असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। बैठक में उप निरीक्षक गण विकास पुनिया, अनिल कुमार सिंह, ओमप्रकाश यादव, बलबीर सिंह ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

# तेंदुए जैसे जानवर ने पशुओं को बनाया निवाला

संवाददाता, ककराला

- उसहैत क्षेत्र के ग्राम चांदवराई में मिले तीन अध खाए शव
- वन विभाग ने लकड़बग्घा होने की आशंका जताई

**अमृत विचार :** इस बार ककराला क्षेत्र में तेंदुए होने का शोर मचा है। तेंदुए जैसे जानवर ने एक बैल और दो नीलगाय को निवाला बनाया है। उनके खाए हुए शव देख ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग व पुलिस की टीम ने जंगल में कांबिंग की। वन विभाग की टीम ने तेंदुआ न होकर लकड़बग्घा होने की आशंका जताई है।

उसहैत क्षेत्र के ग्राम चांदवराई निवासी प्रेमसिंह ने गांव के बाहर अपने खेत में झोपड़ी डाल ली है। प्रेमसिंह परिवार सहित वहीं पर रहते हैं। प्रेमसिंह अपने पशुओं को भी वहीं पर बांधते हैं। शनिवार की रात उनके बैल झोपड़ी के पास बंधे थे। वह भी वहीं अपने झोपड़ीनुमा घर में सो रहे थे। इसी बीच आधी रात को उनके बैल चीखने लगे। प्रेमसिंह आहट होने पर जाग गए। प्रेम सिंह का कहना है कि उन्होंने देखा कि एक तेंदुए बैल को खा रहा है। प्रेमसिंह ने घर में से ही देख कर जब शोर मचाया तो गांव के लोग भी लाठी भाला लेकर पहुंच गए। ग्रामीणों को आता देख तेंदुआ भाग गया। तेंदुए ने बैल का आधा शव खा लिया। ग्रामीणों ने रात में ही जंगल में खेतों पर देखा तो एक जगह दो नील गायों के शव आधे आधे खाए हुए पड़े थे। दातागंज रेंजर अनुभव शरण के निर्देश पर वन दरोगा हुकुम सिंह और एक अन्य वनकर्मी मौके पर पहुंच गए। रविवार को थाना अलापुर पुलिस व वन कर्मियों ने ग्रामीणों के साथ गांव के खेत व जंगल में कांबिंग की। खेत खलिहान खंगाले लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला। क्षेत्र के गांव खेरा, भूड़, बैरपुरा, तराई, आदि में खेती करने बाले किसानों में डर का माहौल है। किसान रात को घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं।



खेत में तेंदुआ जैसे जानवर के पैर के निशान।

> तेंदुए इस क्षेत्र में नहीं है। यदि बैल और नीलगाय को खाया है तो लकड़बग्घा हो सकता है। वह भी पशुओं को निवाला बनाता है। फिर भी ग्रामीणों की सुरक्षा को गांव में वन विभाग की एक टीम तैनात कर दी गई है। काम्बिंग भी की है। टीम को कुछ नहीं मिला है।
> **– अनुभव शरण** – रेंजर दातागंज

# सीटी स्कैन के नियम में किया बदलाव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अवैध वसूली, जेबकतरी और धक्का-मुक्की पर लगा अंकुश
- अब सीएमएस के दस्तखत के बाद ही हो सकेंगे सीटी स्कैन

**अमृत विचार :** अवैध वसूली, जेबकतरी और धक्का-मुक्की को रोकने के लिए अब सीटी स्कैन कराने के नियम बदले गए हैं। सीएमएस के दस्तखत के बाद ही सीटी स्कैन हो सकेंगे। इसके बाद से मात्र आठ से 10 सीटी स्कैन ही दिन भर में हो रहे हैं। अब भीड़ नहीं रहती। यह नियम 30 मई से लागू हुए है।

जिला अस्पताल में एक कंपनी ने सीटी स्कैन मशीन लगाई है। जिला अस्पताल के डॉक्टर मरीजों को सीटी स्कैन कराने के लिए लिखते हैं। निशुल्क सीटी स्कैन होने से यहां पर हर समय भीड़ लगी रहती थी। सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक सैकड़ों मरीजों के सीटी स्कैन करा जाते थे। अधिक भीड़ होने पर यहां पर जेबकतरे भी घूमते थे। कई दलाल यहां पर चक्कर लगाते रहते थे। भीड़ के चलते हर समय धक्का मुक्की होती थी। कई बार अवैध वसूली की शिकायतें भी आती थी। इन समस्याओं को लेकर जब स्थिति ज्यादा बिगड़ने लगी तो अस्पताल प्रशासन ने सीटी स्कैन कराने के नियम बदल दिए।

> जिला अस्पताल में प्रत्येक डॉक्टर सीटी स्कैन लिखता है। इसमें भीड़ रहती है। भीड़ के चलते कुछ लोग अवैध तरीके से कार्य करते हैं। धक्का मुक्की होती है। जेबें कटने की शिकायत मिली है। इन शिकायतों के मद्देनजर अब सख्ती करनी पड़ी है। अब केवल मरीजों के ही सीटी स्कैन कराए जाएंगे। अन्य किसी के नहीं।
> **– डॉ. कप्तान सिंह,** सीएमएस

## मानसिक मंदित से किया कुकर्म, दी तहरीर

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** इस्लामनगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि मोहल्ला जमनी निवासी एक व्यक्ति 29 मई को उनके मानसिक मंदित बेटे को बहलाकर चंदौसी मार्ग स्थित जंगल में खीरा खिलान के बहाने ले गया था। यहां चरी के खेत में ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया। पास के खेत में काम कर रहे युवक ने वीडियो बना लिया। वीडियो बनती देखकर कुकर्म करने का आरोपी भाग गया। वीडियो वायरल होने पर परिजनों को जानकारी हुई।

# जिला अस्पताल: चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के भरोसे मरीज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सीएमएस बोले- शिकायत मिलने पर की जाएगी जांच

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। डॉक्टर और स्टाफ नर्स की जगह वार्ड ब्यॉय और अन्य कर्मचारी मरीजों को देख रहे हैं। इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्वास्थ्य विभाग में हर स्तर पर हर जगह मनमानी हावी है। डॉक्टर समय पर बैठते नहीं हैं। मरीजों की लाइन लगी रहती है। परेशान मरीज डॉक्टर के इंतजार में लाइन में ही बैठ जाते हैं। इस समय बुखार और श्वास के मरीजों को मेडिकल वार्ड में भर्ती किया जा रहा है। जिससे वार्ड में मरीजों की संख्या अधिक है। रविवार को यहां पर फिजीशियन डॉ. एसएम कमल ने मेडिकल वार्ड में सुबह 10 बजे मरीजों को देखा। उन्हें दवाएं लिखीं। उनके जाने के बाद मेडिकल वार्ड की स्टाफ नर्स वहां से निकल गई। मरीज उन्हें इधर उधर खोजते रहे। नर्सिंग के छात्र ने बताया कि वह बाहर गई हैं। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने मरीजों से कहा कि अभी यहां पर स्टाफ नर्स नहीं है। काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी स्टाफ नर्स नहीं पहुंची। उनकी कुर्सी खाली पड़ी रही। एक सफाई कर्मचारी बैठा रहा। मरीजों ने बताया कि सुबह से ही यहां पर कोई नहीं है। कुछ देर के लिए स्टाफ नर्स आयी थीं। डॉक्टर के जाने के बाद वह चली गई। उधर हड्डी वार्ड में भी मरीजों को दोपहर तक किसी डॉक्टर ने नहीं देखा। मरीज दवा के लिए परेशान रहे। सीएमएस ने बताया कि मेडिकल वार्ड में एक स्टाफ नर्स की तैनाती हर समय रहती है। रविवार होने की वजह से वह किसी कार्य से कहीं चली गई होंगी। मरीजों को डॉक्टर देखते हैं दवाएं लिखते हैं किसी को परेशानी नहीं होती है। कोई मरीज इस तरह की शिकायत भी नहीं करता है। यदि किसी की शिकायत मिलती है तो जांच की जाएगी।



मेडिकल वार्ड में नर्स की खाली कुर्सी।

# नवजात की मौत के बाद प्रसूता की बिगड़ी हालत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डॉक्टरों ने नहीं दी दवा, नहीं मिली सरकारी एम्बुलेंस
- प्राइवेट एम्बुलेंस से प्रसूता को घर ले गए परिजन

**अमृत विचार :** उसावा क्षेत्र के ग्राम रतेनगला निवासी आशीष ने गर्भवती पत्नी सीटू को 30 मई को प्रसव पीड़ा होने पर जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। सीटू ने उसी दिन देर रात को पुत्र को जन्म दिया।

प्रसव होने के बाद जच्चा बच्चा दोनों ठीक थे। उसके बाद 31 मई को नवजात की हालत बिगड़ गई। आरोप है डॉक्टरों ने नवजात को ठीक से नहीं देखा। कुछ देर बाद नवजात की मौत हो गई। इसी बीच प्रसूता सीटू की भी हालत बिगड़ गई। सीटू को महिला डॉक्टर को दिखाया गया, लेकिन महिला डॉक्टर ने प्रसूता को दवा नहीं दी। इससे उसकी तबीयत और खराब हो गई। आशीष का आरोप है कि उसकी पत्नी रात को परेशान रही फिर भी कोई डॉक्टर उसे देखने को नहीं आया। किसी तरह सुबह हुई। उसके मां बाप भी अस्पताल पहुंच गए। प्रसूता की बिगड़ती हालत को देख परिजन भी परेशान हो गए। परेशान परिजन प्राइवेट एम्बुलेंस से सीटू को गांव ले गए। सीएमएस डॉ. इंदु कांत वर्मा ने बताया कि प्रसूता को घर तक पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस दी जानी चाहिए। प्रसूता की तबियत ठीक नहीं थी तो उसकी छुट्टी कैसे कर दी गई। इस मामले पर सोमवार को बात की जाएगी।

## मंदिर के आसपास पसरी गंदगी, श्रद्धालु परेशान

**उसहैत, अमृत विचार :** पांच जून को गंगा दशहरा पर्व मनाया जाएगा। गंगा दशहरा पर कस्बा स्थित कालसेन बाबा मंदिर पर मेला लगता है। कालसेन बाबा में श्रद्धा रखने वाले श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो चुका है, लेकिन मंदिर के पास पास पसरी गंदगी के चलते उन्हें दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। मंदिर के आस पास दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण से श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। लेकिन अब तक नगर पंचायत की ओर श्रद्धालुओं को ठहरने की व्यवस्था नहीं की गई है। मंदिर के चारों ओर गंदगी पसरी हुई है। दुकानदार अतिक्रमण किए बैठे हैं। जिसे हटाया नहीं गया है। ऐसा होने से मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत उठानी पड़ रही है। नगर के लोगों ने मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं को व्यवस्थाएं कराने की मांग डीएम से की है।

# 30 तक ई-केवाईसी नहीं तो राशन भी नहीं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शासन ने जारी की अंतिम तिथि, डीएसओ ने कोटेदारों को दी चेतावनी
- कोटेदारों को सभी कार्ड धारकों की ई-केवाईसी कराने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** कई बार राहत देने के बाद अब सरकार ने अंतिम तिथि जारी कर दी है। इसमें स्पष्ट कहा गया है कि अगर 30 जून तक कार्ड धारकों के द्वारा ई-केवाईसी जारी नहीं की गई राशन मिलना बंद हो जाएगा। शासन से मिले निर्देश पर डीएसओ ने कोटेदारों को निर्देश जारी कर दिए हैं। कहा है कि शेष बचे कार्ड धारकों की ई-केवाईसी समय रहते की जाए। अन्यथा कार्रवाई कर दी जाएगी। ऐसे में समय रहते ई-केवाईसी न कराने वालों को खाद्यान्न नहीं मिल सकेगा।

जिले में 1427 राशन की दुकानें संचालित हैं। इन दुकानों के माध्यम से साढ़े पांच लाख कार्ड धारकों में मुफ्त राशन का हर माह वितरण किया जाता है। ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों की दुकानों से राशन लेने वाले साढ़े पांच लाख कार्डों में दर्ज 22 लाख से अधिक यूनिट की ई-केवाईसी करवाई जा रही है। यह प्रक्रिया पिछले साल 2024 से चल रही है। लेकिन कार्ड धारकों की लापरवाही की वजह से ई-केवाईसी की प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है। ई-केवाईसी न कराने वालों को सरकार की ओर से कई बार राहत देते हुए तिथि को बढ़ाया गया है। इस बार 30 जून तक ई-केवाईसी कराने को लेकर अल्टीमेटम जारी कर दिया है। डीएसओ को जारी किए गए निर्देश में स्पष्ट कह दिया गया है कि ई-केवाईसी न कराने वाले राशन कार्ड धारकों को राशन देना बंद कर दिया जाए। डीएसओ ने कोटेदारों को शेष बचे कार्ड धारकों की ई-केवाईसी कराने के आदेश दिए हैं। पूर्ति विभाग ओर दिए गए आंकड़ों पर गौर करे तो अब तक 4.45 लाख कार्डधारकों में दर्ज 18.50 लाख यूनिटों की ई-केवाईसी हो चुकी है। अभी 3.50 लाख यूनिट की ई-केवाईसी होना शेष है।

> ई-केवाईसी के लिए कई बार तिथि बढ़ाई गई थी। अब अंतिम तिथि जारी करने के साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि अगर 30 जून तक ई-केवाईसी न कराई गई तो राशन नहीं दिया जाएगा। कोटेदारों को निर्देश दे दिए गए हैं।
> **– रमन मिश्रा,** जिला पूर्ति अधिकारी

JYOTI COLLEGE
OF MANAGEMENT SCIENCE & TECHNOLOGY
E-mail : contact@blyjyoticollege.com | Web : www.jyoticollege.com
College Code : 2430244
ADMISSION OPEN
❖ M.Sc. Nursing
❖ B.Sc. Nursing
❖ Post Basic B.Sc. Nursing
❖ G.N.M. ❖ A.N.M. ❖ D. Pharma
❖ D.M.L.T. ❖ M.Ed. ❖ B.Ed.
❖ D.P.T. ❖ D.R. Optometry
Our Facilities
● R.O. Drinking Water ● Free Health Check-Up ● Free Facility for Preparation of Competitive Exams ● Free Personality Development Classes ● Free Basic Computer Course ● Free Classes for Value Added Courses ● Guidance & Counseling Facility ● Placement Facility
Campus : Mudiya Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly UP-243122
Head Office : Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly UP-243003
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक

30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता

महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।


चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant

महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज।

जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAPM)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist

पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।

पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज।

निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा।

सम्पर्क
प्रात: 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द

सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कालोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली।
मो.9927788842
0581-2510177


# वित्तीय वर्ष में 784 जोड़ों का कराया जाएगा विवाह

## लक्ष्य के घटने के साथ बढ़ी धनराशि, खर्च होंगे एक लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अब तक खर्च होते थे 51 हजार रुपये, कन्या को मिलते थे 35 हजार
- अब कन्या को मिलेंगे 60 हजार रुपये, विभाग ने मांगे आवेदन

**अमृत विचार :** सामूहिक विवाह योजना में खर्च होने वाला बजट शासन की ओर से बढ़ा दिया गया है, लेकिन लक्ष्य कम कर दिया। गत वर्ष 1557 आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं का विवाह कराने का लक्ष्य दिया गया था। इसे घटा दिया है। इस वित्तीय वर्ष में कुल 784 जोड़ों की शादी कराई जाएगी। साथ ही शगुन की राशि 60 हजार रुपये दी जाएगी। अब तक कन्या को शगुन के रूप में 35 हजार रुपये मिलते थे। वहीं उपहार भी 10 हजार के स्थान पर 25 हजार के दिए जाएंगे। लक्ष्य मिलने के बाद विभाग की ओर से आवेदन मांगे जाने लगे हैं।

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी सामूहिक विवाह योजना से ऐसे लोगों को काफी राहत मिली है जो बेटी की शादी करने के लिए एक-एक रुपया एकत्रित करने के लिए प्रयास करते थे। यह योजना गरीब परिवारों में खासी लोकप्रिय हो चुकी है। अब प्रदेश सरकार ने महंगाई को देखते हुए सामूहिक विवाह योजना में खर्च होने वाली धनराशि में बढ़ोत्तरी कर दी है। अब एक जोड़े की शादी कराने के लिए प्रदेश सरकार एक लाख रुपये खर्च करेगी। पहले एक जोड़े की शादी में 51 हजार रुपये खर्च होते थे। इस वित्तीय वर्ष में कन्या के खाते 60 हजार रुपये शगुन के तौर पर भेजे जाएंगे। पहले यह 35 हजार रुपये खाते में भेजे जाते थे। पहले 10 हजार के उपहार दिए जाते थे, अब 25 हजार रुपये के उपहार दिए जाएंगे। साथ ही पांच हजार रुपये भोजन व्यवस्था पर खर्च होंगे। लक्ष्य मिलने पर समाज कल्याण विभाग की ओर से आवेदन मांगे जाने शुरू कर दिए हैं।

> लक्ष्य मिल गया है। आवेदन मांगे जाने लगे हैं। सामूहिक विवाह कार्यक्रम शासन द्वारा जारी गाइड लाइन के तहत ही कराए जाएंगे।
> – **मीनाक्षी वर्मा**, जिला समाज कल्याण अधिकारी

### पिछले साल 1557 का था लक्ष्य, 1193 की हुई थी शादी

गुजरे वित्तीय वर्ष 2024-25 में समाज कल्याण विभाग को 1557 जोड़ों की शादी कराने का लक्ष्य मिला था, लेकिन 1193 गरीब परिवार की बेटियों की शादी कराई जा सकी। विभागीय स्तर से बरती गई लापरवाही के कारण 364 बेटियों के हाथ पीले होने से रह गए। विवाह कराने के लिए शेष बची धनराशि विभागीय स्तर से शासन में समर्पित कर दी गई। पिछले साल की तरह इस बार भी प्रचार प्रसार और विभागीय स्तर अगर हीलाहवाली की गई तो फिर से सैकड़ों गरीब कन्याओं के हाथ सरकारी धन से पीले होने से वंचित हो जाएंगे।

# सीएचसी कार्यालय में चिकन और शराब पार्टी का वीडियो वायरल

**उझानी, अमृत विचार :** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कार्यालय में शराब की बोतल और चिकन से पार्टी की गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। चिकित्सा अधीक्षक ने इसे साजिश के तहत उन्हें बदनाम करने का प्रयास बताया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी के कार्यालय में रविवार को एक पार्टी की गई। वीडियो में कार्यालय में टेबल पर शराब की बोतल रखी दिख रही है। वहीं पर चिकन रखा है। जो रसोई में बनाया गया है। इसका वीडियो किसी ने चुपके से बना लिया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो वायरल होने के बाद सीएचसी पर हड़कंप मचा हुआ है। इसको लेकर तरह तरह की बातें की जा रही हैं। लोगों का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किसी न किसी मामले को लेकर अक्सर चर्चा में रहता है। चिकित्सा अधीक्षक राजकुमार गंगवार ने बताया साजिश के तहत यह वीडियो बनाया गया है। किसी ने वीडियो बनाकर मुझे बदनाम करने की साजिश की है। इस वीडियो के संबंध में उझानी कोतवाली में तहरीर दी है वीडियो की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# हिंदू समाज में कैंसर का रूप ले रहा लव जिहाद



सनातन बोर्ड की बैठक में मंथन करते वक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सनातन बोर्ड कार्यकारिणी की प्रथम बैठक में व्यक्त की चिंता

**अमृत विचार :** हिंदू समाज में लव जिहाद एक कैंसर का रूप ले रहा है। ऐसे कैंसर को रोकने को समाज को जागृत होना होगा। इसके लिए परिवार के बीच बैठ कर बात करें और लव जिहाद रोकने को हर मुमकिन प्रयास करें। सनातन बोर्ड इस पर गंभीरता से काम कर रहा है। समाज को जागृत करने का अभियान चला रहा है। रविवार को शहर के ब्राह्मपुर स्थित संगठन मंत्री सुशील गुप्ता के आवास पर सनातन बोर्ड की आयोजित बैठक में वक्ताओं ने उक्त विचार व्यक्त किए।

कार्यकारिणी प्रमुख उपेंद्र उपाध्याय ने परिवार प्रबोधन पर बल देते हुए कहा कि घर की महिलाओं और बेटियों को खुलकर लव जिहाद जैसी समस्याओं पर बात करनी चाहिए। एडवोकेट कौशल गुप्ता ने लव जिहाद को समाज का कैंसर व सामाजिक समरसता बिगाड़ने वाला कृत्य बताया।

अनिल साहू, डॉ. अमर सिंह, दीपक सक्सेना, संगठन मंत्री डॉ. सुशील गुप्ता, जितेंद्र कुमार साहू, देवकीनंदन शर्मा, संजीव गुप्ता, राजकुमार सिंह सेंगर, नरेंद्र गुप्ता, दीपक सक्सेना, अभिषेक सक्सेना, यशवर्धन सक्सेना, अनिल साहू, कृष्ण वीर सिंह, मुनेंद्र प्रताप सिंह, चंद्रदेव वर्मा, रवि वाल्मीकि, पंकज शर्मा, आशीष आदि मौजूद रहे।

# अपराध शाखा के वेदपाल बने कुंवरगांव के प्रभारी निरीक्षक

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** तकरीबन डेढ़ महीने पहले वजीरगंज से कुंवरगांव के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार को चार्ज से हटा दिया गया है। तैनाती के बाद से ही घटनाएं नियंत्रित नहीं हो पा रही थीं। एसएसपी ने शनिवार देर शाम उन्हें अपराध शाखा भेजा है, जबकि अपराध शाखा के निरीक्षक वेदपाल सिंह को कुंवरगांव का प्रभारी निरीक्षक बनाया है।

उनके कुंवरगांव का चार्ज लेते ही गांव दुगरैया में दो पक्ष में फायरिंग का मामला सामने आया था। प्रभारी निरीक्षक पर एक पक्ष के घर दबिश देकर तोड़फोड़ करने और महिलाओं से अभद्रता का आरोप लगा था। खासपुर गांव में दो पक्ष में फायरिंग हुई। प्रधान के पैर में गोली लगी थी। फिर 13 मई को दुगरैया के शराब की दुकान के सेल्समैन की गोली मारकर हत्या हुई थी। खुलासे को लेकर मृतक के भाई ने एडीजी से शिकायत की थी। जिसके बाद रामपुर निवासी व्यक्ति ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ देखकर 1.70 रुपये लूटने और शिकायत करने के बाद भी पुलिस के चक्कर लगवाने का आरोप लगाया था। इसके अलावा और भी कई मामलों में वह चर्चित रहे थे।

# मिर्च तोड़ने गई किशोरी के साथ दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**बिल्सी, अमृत विचार :** शनिवार की सुबह लगभग आठ बजे एक महिला और उसकी 13 साल की बेटी गांव के किसान के खेत में मिर्च तोड़ने गई थी। दोपहर के करीब साढ़े 12 महिला घर आ गई। फिर वह लगभग डेढ़ बजे दोबारा खेत पर गई तो उसकी बेटी ने बताया कि मां के घर जाने के बाद वह शौच के लिए अकेली गई थी। इसी दौरान गांव निवासी किशनपाल उसके पास आया और खींचकर मक्का के खेत में ले जाकर उसके साथ गलत काम किया। बिल्सी कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित की ओर से आरोपी किशनपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# औरछी चौराहे पर सुधरेगी पेयजल की व्यवस्था, बोरिंग शुरू

खबर का असर

संवाददाता, औरछी

- लगेगा फ्रीजर, स्थानीय लोगों व राहगीरों को मिलेगा ठंडा पानी
- अमृत विचार ने प्रमुखता से खबर की थी प्रकाशित

**अमृत विचार :** औरछी चौराहे पर स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए पेयजल संकट कई सालों से बना था। इस परेशानी को अमृत विचार ने स्थानीय लोगों की राय के साथ खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदारों ने इस पर संज्ञान लिया और अब यहां पर बोरिंग कराया जा रहा है। इससे चौराहे पर फ्रीजर लगाया जा सके। फ्रीजर लगने के बाद लोगों को ठंडा पानी मिलेगा।

मुरादाबाद फर्रुखाबाद राजमार्ग स्थित फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा औरछी चौराहे पर पीने के पानी का साधन नहीं था। राहगीर इधर उधर भटकते थे। राहगीर व दुकानदार तपती गर्मी में परेशान होते थे। जनपद का सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण जनप्रतिनिधि तक ध्यान नहीं दे रहे थे। स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों से कई बार शीतल जल का प्याऊ लगवाने की मांग की, लेकिन उनकी मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। लोग दुकानदार अपने घरों से पानी लाते थे। दैनिक अमृत विचार ने सात अप्रैल को पेयजल संकट को लेकर समाचार प्रकाशित किया था। समाचार में जनप्रतिनिधियों की उदासीनता को प्रमुखता से दर्शाया गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद ब्लाक प्रमुख और ग्राम पंचायत की ओर से पेयजल संकट का समाधान करने की रणनीति बनाई गई। पेयजल संकट जैसी बड़ी समस्या से निजात पाने को औरछी चौराहे पर काम शुरू कर दिया गया है।



सात अप्रैल के अंक में प्रकाशित खबर।

ओरछी चौराहा व्यस्ततम क्षेत्र है। यहां पर हजारों की संख्या में दूसरे जनपदों से लोग मजदूरी करने आते हैं। स्थानीय गांवों के सैकड़ों लोग भी यहां पर आते जाते हैं काम करते हैं। गर्मी में ठंडे पानी को भटकते रहते हैं। आसपास के नलों से बदबूदार पानी आता है। कुछ स्थानीय दुकानदार संभल जनपद के कस्बा चंदौसी की सीमा से पानी भरकर लाते हैं, लेकिन रविवार से बोरिंग शुरू होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है और अमृत विचार का आभार जताया है। ओरछी के प्रधान पुत्र जीशान अली ने बताया कि पेयजल संकट को लेकर अक्सर बात होती थी लोगों ने कई बार शिकायत की । अब यह कार्य ब्लॉक प्रमुख के सौजन्य से शुरू हो गया है।जल्छी ही यहां पर फ्रीजर लगा कर लोगों को शीतल जल मुहैया कराया जाएगा।

> औरछी चौराहे पर ठंडे पेयजल की आवश्यकता थी इसको लेकर शिकायतें आ रही थीं। लोगों की परेशानियां देखकर कार्य शुरू कर दिया गया है। जल्द ही ठंडा पानी मिलने लगेगा । जगह-जगह ठंडे पेयजल की व्यवस्था की जाएगी।
> – **ओम किशन**, ब्लॉक प्रमुख, आसफपुर



औरछी चौराहे पर बोरिंग करते कर्मचारी।


सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें

# डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक

(पुरुष गुप्त रोगी मिलें)

यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें

निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरुवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559


## पशु कर रहे फसलें बर्बाद किसान खेत पर काट रहे रात

**बदायूं, अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं ने किसानों की नींद उड़ाकर रख दी है। आए दिन छुट्टा पशु किसानों की खेत में खड़की फसलों को बर्बाद कर रहे है। इस कारण किसान रात में खेतों में रहकर फसलों की रखवाली करने को मजबूर है। किसानों ने बताया कि छुट्टा पशु हिंसक भी हो जाते है। गर्मी में खाना पानी नहीं मिलने पर हिंसक हो जाते है और खेत पर किसानों पर हमला कर घायल कर देते है। कई हमलों में किसानों की जान तक चली गई है। सरकार गोशालाओं का निर्माण करा रही है। इसके बाद भी शहर से लेकर देहात तक काफी संख्या में छुट्टा पशु देखे जा सकते है। किसानों का कहना है कि अभियान चलाकर इन पशुओं को पकड़कर गोशाला भिजवाना चाहिए। ताकि फसलों को नुकसान न हो।


Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence

# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

## BIU COLLEGE OF PHARMACY

Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

## ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY

Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

## KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

## BIU College of Management

- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


# बारिश और आंधी को लेकर प्रशासन ने जारी किया अलर्ट



आसमान में छाए काले बादल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अधिकतम 38, न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया

**अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। गर्मी की वजह से न दिन में चैन और न रात को सुकून मिल रहा है। रविवार को सुबह से खिली चटक धूप के बाद दोपहर में मौसम अचानक बदल गया। आसमान में बादल छा गए। हवाएं भी चलने लगी। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं मौसम विभाग से जारी चेतावनी के बाद प्रशासन ने भी आंधी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। तेज हवाएं चलने और बारिश होने का अनुमान जताया है। रविवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अन्य दिनों की तरह ही रविवार को सुबह से ही तेज धूप निकली थी। दोपहर में उमस भरी गर्मी से लोग पसीना-पसीना होते रहे। सड़कों पर सन्नाटा सा पसर गया। दोपहर तीन बजे के करीब अचानक मौसम ने बदलाव हो गया। तेज हवाएं चलने लगीं। आसमान में बादल छा गए। एक बार तो ऐसा लगा कि कुछ ही देर में तेज बारिश शुरू हो जाएगी, लेकिन हवा का वेग बादलों को उड़ा ले गया। आसमान में छाए बादल और तेज हवा चलने से लोगों को कुछ हद तक गर्मी से राहत मिली। कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि आगामी पांच दिनों तक हल्के बादल रहने की संभावना है। गरज और चमक के साथ बारिश हो सकती है। वहीं मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के बाद प्रशासन ने भी आंधी और बारिश होने की संभावना व्यक्त करते हुए अलर्ट जारी किया है। रविवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप

### निरीक्षण करके व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश



**बदायूं, अमृत विचार :** जल्द ही पुलिस के रिक्रूट आरक्षियों का प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा। इसके चलते डीएम अवनीश कुमार राय और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित आरटीसी बैरक और साफ-सफाई का जायजा लिया। इसके अलावा रिक्रूटों की आवासीय व्यवस्था, बैरक, कैंटीन, भोजनालय, चिकित्सालय, शौचालय, स्नानघर, रिक्रूट आरक्षियों के अध्ययन व प्रशिक्षण, शिक्षण कक्ष की साफ-सफाई और निर्माण कार्यों की स्थिति देखी। अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सीओ लाइन डॉ. देवेंद्र कुमार, प्रतिसार निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, जेटीसी प्रभारी राजेंद्र पुंडीर आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. प्रतिभा गुप्ता बनी नोटरी अधिवक्ता



**बदायूं, अमृत विचार :** आवास विकास कॉलोनी निवासी अधिवक्ता डॉ. प्रतिभा गुप्ता को जिले की नोटरी अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। वह एलआईसी के सेवानिवृत्त डेवलपमेंट अधिकारी केएस गुप्ता की बेटी और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल और अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के जिलाध्यक्ष केबी गुप्ता की पत्नी हैं। उन्हें भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय के उप विधिक सलाहकार की ओर से नियुक्त किया गया है। नगर के चंद्र प्रकाश गुप्ता, मंजू गुप्ता, सुनील गुप्ता, प्रभात गुप्ता, पंकज गुप्ता, नीरज, निशि गुप्ता, रुचि गुप्ता, मिथिलेश गुप्ता, सुमन गुप्ता आदि ने नोटरी अधिवक्ता को बधाई दी।

### उन्नत खेती के लिए किसानों को किया जागरूक



**ओरछी, अमृत विचार :** विकासखंड आसफपुर क्षेत्र के ग्राम ओरछी के पंचायत घर पर रविवार को कृषि विकसित संकल्प अभियान के तहत कैंप का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को कृषि व पशुपालन से संबंधित जानकारी कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने दी कि उन्नत खेती कैसे की जाएगी। इसके बाद विस्तार से किसानों को समझाया गया। कार्यक्रम में बृजेश कुमार मौर्य, सोनू कुमार, मोहम्मद अफजल मालिक सहित किसान उपस्थित रहे।

